**छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**
(पूर्व में छत्तीसगढ़ रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड)
तृतीय तल, सिरपुर भवन परिसर, आकाशवाणी के पीछे, सिविल लाईन्स, रायपुर
वेबसाईट : www.cgrdc.in, ई–मेल आई डी : info.cgrdc@gmail.com, info@cgrdc.in, Ph. / Fax No. 0771 – 4043395 / 4033242

क्रमांक 2306/छ.ग.रो.इ.डे.का.लि./2021 रायपुर, दिनांक : 08/09/2021

प्रति,

प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
पदेन प्रमुख अभियंता,
छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर
डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.)

विषयः– जिला धमतरी के मेघा सिंगपुर दुगली मार्ग के किमी. 16/2 से 31/10 = 16.00 किमी. चौड़ीकरण एवं मुजबूतीकरण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने बाबत्। (वास्तविक लंबाई 23.00 कि.मी.)

संदर्भः– कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग का ज्ञाप क्र. प्र.अ./कार्य–सड़क/63129/042/ नवा रायपुर, दिनांक 11/08/2021.

---000---

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग के आदेश क्र. 3681 दिनांक 24/12/2020 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत् विषयांकित कार्य के लिये **राशि 4488.80 (राशि रूपये चौवालीस करोड़ अठ्ठयासी लाख अस्सी हजार मात्र)** की प्रशासकीय स्वीकृति निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती हैः–

1. विषयांतर्गत कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर निविदा आमंत्रित की जावे तथा निर्धारित औपचारिकतायें पूर्ण कर कार्य को प्रारंभ किया जावे।
2. पुल/पुलिया की डिजाईन/ड्राईंग सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित करा कर ही उनका कार्य प्रारंभ किया जावे।
3. लोक निर्माण विभाग के प्रथम अनुपूरक बजट वर्ष 2021–2022 मुख्य शीर्ष **42-5054** मद क्रमांक **01** सरल क्रमांक 09 पर अंकित है।
4. उक्त कार्य की निविदा की कार्यवाही प्रमुख अभियंता कार्यालय में गठित निविदा प्रकोष्ठ से कराया जाना सुनिश्चित करें।
5. स्वीकृत राशि के अंदर ही कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।
6. प्राक्कलन में भू–अर्जन प्रस्तावित है, अतः स्वीकृति में भू–अर्जन हेतु राशि स्वीकृत है। प्रस्ताव अनुसार शासकीय भूमि पर ही निर्माण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जावे।
7. विषयांकित कार्य का निर्माण ऋण प्राप्त कर किया जा रहा है, अतः निर्माण कार्य हेतु भूमि/स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपरांत ही कार्यादेश जारी किया जावे।
8. कार्यादेश जारी करने के पूर्व राशि की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे।

**प्रकरण हेतु संचालक मण्डल की स्वीकृति 23वीं बैठक दिनांक 02 सितंबर 2021 के एजेण्डा क्र. 05 पर प्राप्त कर ली गई है।**

सहपत्र :– शून्य।

(हिम शिखर गुप्ता)
प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हपलमेंट
कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 2307/छ.ग.रो.इ.डे.का.लि./2021 रायपुर, दिनांक : 08/09/2021

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, छ.ग. शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग/लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर रायपुर।
3. महालेखाकार, (छ.ग.) जीरो प्वाईंट बलौदाबाजार मार्ग रायपुर।
4. मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर परिक्षेत्र रायपुर।
5. अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि. मण्डल क्र.–2, रायपुर।
6. कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. धमतरी संभाग, धमतरी।
7. बजट शाखा, प्रमुख अभियंता, कार्यालय (कृपया वर्ककोड तत्काल जनरेट करें)
8. वित्त शाखा/तकनीकी शाखा, छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

सहपत्र :– स्वीकृत प्राक्कलन स.क्र. 06 हेतु।

प्रबंध संचालक